# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-188 | सागवाड़ा, मंगलवार, 15 मार्च, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## रात 9 बजे बेटा खाना खिला कर गया सुबह बेटी आई तो मां बाप का शव लहूलुहान देखा

### सुरजगांव में बुजुर्ग दम्पत्ति की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी





**सागवाड़ा।** थाना क्षेत्र के सुरजगांव में एक कृषि फ़ार्म पर का काम करने वाले बुजुर्ग दम्पत्ति की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। महिला के पेरो से चांदी के कड़े गायब थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामले की गंभीरता को देख एसपी सुधीर जोशी भी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया की सूरजगांव निवासी 75 वर्षीय सवजी पुत्र वालजी डोडियार व उसकी पत्नी मान 70 डोडियार पिछले 3 साल से गांव के कृषि फ़ार्म पर रहकर रखवाली का काम करते थे। आज सुबह दम्पत्ति की बेटी बबली कृषि फ़ार्म पर अपने माता-पिता से मिलने गई तो वहां बने कमरे का आगे का दरवाजा अन्दर से बंद था। जिस पर बबली कमरे के पीछे के हिस्से में गई जिसका दरवाजा खुला हुआ था और उसके माता-पिता के शव लहूलुहान हालत में अलग-अलग खांट पर पड़े हुए मिले। जिसको देखकर बबली घबरा गई। बबली ने मामले की सुचना तुरंत अपने भाई हरिशंकर को दी। जिस पर हरिशंकर अपने अन्य परिजनों व ग्रामीणों के साथ घटना स्थल पहुंचे। वही इसके बाद परिजनों ने मामले की जानकारी सागवाड़ा थाना पुलिस को दी। सूचना पर सागवाडा पुलिस उपाधीक्षक नरपत सिंह व सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। दोनों मृतको पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया था।

इधर इस मौके पर दम्पत्ति के बेटे हरिशंकर ने बताया की फ़ार्म हाउस की रखवाली के साथ उसके माता-पिता मनरेगा में भी काम करते थे। उसकी मां मान के पेरो से चांदी के कड़े भी गायब है। ऐसे में परिजनों ने लूट के इरादे से हत्या की आशंका जताई है।

इधर सागवाडा थाना पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम व एफएसएल की टीम को बुलाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक की पांच संताने है, सभी मजदूरी करते है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी सुधीर जोशी, वरदा थानाधिकारी और ओबरी थानाधिकारी अनिल देव मौके पर पहुंचे। इधर, परिजन मांग कर रहे थे कि शव तभी उठाएंगे जब तक हत्यारें पकड़े नही जाते। परिजनों का कहना था कि हत्या के कारणों का खुलासा होना चाहिए। जबतक हत्यारें पकड़े नही जाते तब तब शव नही उठाएंगे। हालंकि सागवाड़ा थानाधिकारी की समझाईश के बाद परिजन शव लेने को तैयार हो गए। इधर, एसपी ने भी जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

## हादसे में एक ही परिवार के 4 बच्चो सहित 6 लोग हुए घायल

## बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलटी जीप

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के माथुगामडा गांव में एक बाइक को बचाने के चक्कर में एक जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 4 बच्चो सहित 6 लोग घायल हो गए। जीप में एक ही परिवार के 25 लोग सवार थे शेष लोगो को मामूली चोटे आई है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जिले के सदर थानाधिकारी हजारीलाल ने बताया की माथुगामड़ा होली घांटी के लोग आज मंगलवार को जीप में सवार होकर ढूंढ कार्यक्रम में छैला खेरवाड़ा गए गाँव में थे। इसके बाद बेटी जीवली के बेटे की ढूंढ में शामिल होने के बाद परिवार के सभी लोग मैक्स जीप से वापस माथुगामडा अपने गांव लौट रहे थे। जीप में एक ही परिवार के 25 लोग सवार थे। माथुगामड़ा गांव से करीब 100 मीटर की दुरी पर ही सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक को बचाने के चक्कर में जीप अनियंत्रित हो गई। वही अनियंत्रित होकर जीप पलट गई। हादसे के बाद होली और ढूंढ की खुशियां चीख - पुकार में बदल गई। लोगो के चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़कर आये। वही हादसे के चलते जीप में फंसे घायलों को बाहर निकाला। हादसे में 35 वर्षीय अनिता पत्नी मोहन कटारा, चार वर्षीय हर्षिता पुत्र दिलीप कटारा, तीन वर्षीय दीवाना पुत्र मोहन कटारा, 10 वर्षीय वर्षा पुत्र पप्पू कटारा, 11 वर्षीय चिराग पुत्र प्रकाश कटारा और 26 वर्षीय महेश पुत्र मावजी गंभीर रूप से घायल हो गए।

वही जीप सवार शेष लोगो को मामूली चोटे आई। इधर ग्रामीणों ने हादसे की सुचना 108 एम्बुलेंस को दी। सुचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों की ओर से घायलों का इलाज किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने जागरुकता वाहनों रवाना किया

**डूंगरपुर।** पिरामल स्वास्थ्य भारत सरकार द्वारा संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ एवम परिवार कल्याण मंत्रालय व आदिवासी कल्याण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान मेंक्षय रोग के उन्मूलन के लिए 19 ट्राइबल ब्लॉक में 8 क्षय रोग की पहचान और कोविड जागरूकता वाहनों का रवाना किया गया। कलेक्टर महोदय शोभा चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसका मकसद प्रत्येक गांव में पीरामल टीम और स्वास्थ्य विभाग के अग्रिम कार्यकर्ताओं द्वारा हर घर दस्तक देते हुए क्षय रोग के रोगियों की पहचान और कोविड जागरुकता किया जाना सुनिश्चित है। साथ ही क्षय रोगियों को चिन्हित कर उनका सम्पूर्ण इलाज किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला कलेक्टर महोदय शुभम चौधरी एवं सीएमएचओ डॉक्टर राजेश शर्मा , जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर करिश्मा पांचाल, पीरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीड गोपाल सिंह व जिला समन्वयक अरविंद बुनकर सम्मिलित हुए । साथ ही 10 ब्लॉकों के सभी कम्युनिटी मोबिलाइजर व HSO सम्मिलित हुए। विरल वैष्णव, संगीता पाटीदार, रीना भगोरा , इंद्रपाल , जितेन्द्रसिंह गगन शामिल हुए।

## प्रदेश के 3 हॉस्पिटल को मिला लक्ष्य सर्टिफिकेट

### डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल समेत तीनों डूंगरपुर के, हर साल मिलेंगे 12-12 लाख रुपए

**डूंगरपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के लक्ष्य प्रोग्राम के तहत प्रदेश के तीन हॉस्पिटल को लक्ष्य सर्टिफिकेट मिला है। ये तीनो हॉस्पिटल डूंगरपुर जिले के है। इन हॉस्पिटल को अब हर साल केंद्र सरकार से 12-12 लाख रुपए का बजट मिलेगा। इससे हॉस्पिटल में कई जरूरी ओजार की खरीद की जा सकेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर सचिव एवं मिशन निदेशक विकास शील ने लक्ष्य सर्टिफिकेट हॉस्पिटल की सूची जारी की है। इसमें प्रदेश के तीन हॉस्पिटल में सभी डूंगरपुर जिले के है। हरिदेव जोशी जिला अस्पताल डूंगरपुर, सागवाड़ा हॉस्पिटल और गलियाकोट हॉस्पिटल को लक्ष्य सर्टिफिकेट मिला है।

श्रीहरिदेव जोशी डूंगरपुर जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ कांतिलाल मेघवाल ने बताया की 11-12 फरवरी को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डॉक्टरों की टीम ने डूंगरपुर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया था। हॉस्पिटल के लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर समेत कई यहां की सुविधाओ की जांच की गई। 75 से ज्यादा मापदंडों की जांच में डूंगरपुर हॉस्पिटल खरा उतरा है। डूंगरपुर हॉस्पिटल के लेबर रूम को 98 प्रतिशत और ऑपरेशन थियेटर को 97 प्रतिशत के साथ लक्ष्य सर्टिफिकेट दे दिया है। सागवाड़ा हॉस्पिटल के पीएमओ डॉ राजाराम मीणा ने बताया की 18-19 फरवरी को केंद्रीय टीम ने निरीक्षण किया था। सागवाड़ा हॉस्पिटल के लेबर रूम को 83 प्रतिशत, ऑपरेशन थियेटर को 94 प्रतिशत के साथ लक्ष्य सर्टिफिकेट मिला है। सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने बताया गलियाकोट सीएचसी के लेबर रूम को 87 प्रतिशत अंको के साथ लक्ष्य सर्टिफिकेट जारी किया गया है। डॉ कांतिलाल मेघवाल ने बताया लक्ष्य सर्टिफिकेट से तीनो हॉस्पिटल का दर्जा बढ़ेगा। वहीं सरकार की ओर से प्रति यूनिट 6-6 लाख रुपए का बजट मिलेगा। डूंगरपुर व सागवाड़ा हॉस्पिटल को 2 यूनिट का 12 लाख और गलियाकोट को एक यूनिट का 6 लाख का बजट हर साल मिलेगा। इससे हॉस्पिटल का विकास के काम होंगे। खासकर लेबर रूम और ऑपरेशन थियेटर में जरूरत के सभी उपकरणों की खरीद की जाएगी।

## शादी के 12 दिन बाद फांसी लगाकर खुदकुशी

### घर से 500 मीटर दूर आम के पेड़ से लटका मिला शव

**डूंगरपुर।** शादी के 12 दिन बाद एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घर से 500 मीटर दूर एक पेड़ से शव लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

चौरासी थाना क्षेत्र के करावाड़ा चौकी प्रभारी गोपाल मीणा ने बताया की भाणासीमल निवासी गेबा बुझ मीणा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की उसके बेटे मनोज बुझ (21) की शादी 4 मार्च को शिल्पा के साथ हुई थी। कल सोमवार रात को खाना खाने के बाद परिवार के सभी लोग घर में सो गए। बेटा मनोज और उसकी पत्नी शिल्पा भी दूसरे कमरे में सोए थें। रात के समय मनोज उठाकर चला गया, जिसका पता परिवार के लोगों को भी नहीं लगा। मंगलवार सुबह के समय मनोज अपने खाट पर नहीं मिला। परिवार के लोगो ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी।

चौकी प्रभारी हेड कांस्टेबल गोपाल ने बताया की पिता गेबा और परिवार के लोग मनोज को ढूंढते हुए खेतों तक पहुंचे। आम के पेड़ से काले दुपट्टे का फंदा लगाकर मनोज लटका हुआ था। फांसी लगाने से उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर करावाड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद सीमलवाड़ा हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। पिता गेबा बुझ ने बेटे मनोज की आत्महत्या को लेकर किसी भी तरह से शक होने से मना कर दिया।

## भीलूड़ा की रीना पंचाल आत्महत्या प्रकरण में दो जनें गिरफ्तार

**सागवाड़ा।** निकटवर्ती भीलूडा गांव में 6 मार्च को एक महिला द्वारा कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो जनों को गिरफ्तार किया। पुलिस उप अधीक्षक नरपतसिंह के अनुसार भीलूडा निवासी प्रार्थी दीपक पंचाल द्वारा रिपोर्ट देकर बताया गया था कि 6 मार्च को उसकी पत्नी रीना पंचाल का वॉट्सएप द्वारा ऑडियो संदेश भेजा गया जिसमे उसकी पत्नी ने अभियुक्त पुष्पा पंचाल पत्नी अमृतलाल पंचाल, रोशनी पंचाल पत्नी वैभव पंचाल, डायालाल पंचाल पिता गोतम पंचाल व अमृतलाल पिता मणीलाल पंचाल द्वारा मेरी पत्नी से बहला फुसलाकर 10 लाख रूपया नकद एवं 14 तोला सोने के आभुषण पुष्पा पंचाल द्वारा एवं रोशनी पंचाल द्वारा 5 लाख रूपया नकद एवं दो सोने कि चेन जिसको दुगुना कर अधिक बनाकर वापस चुकाने का लालच देकर ले लिए थे जो समय बित जाने पर मेरी पत्नी द्वारा उक्त अभियुक्तो को दिये गये रूपये एवं जेवरात वापस मांगने का आग्रह करने पर मेरी पत्नी को जेवरात और रूपये वापस नहीं देने का कहते हुए मर जाने को प्रेरित किया जिसके बाद विवश होकर रीना ने आत्महत्या कर ली है। उक्त मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले में गम्भीरता से प्रकरण की जांच कर अभियुक्त डायालाल पंचाल पिता गोतम पांचाल निवासी भीलुडा व रोशनी पत्नी वैभव पंचाल निवासी सागवाडा को गिरफतार किया है।

## जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक

### कलेक्टर - एसपी के सामने शांति समिति के सदस्यों ने उठाएं पत्थरबाजी, अवैध शराब और ट्रैफिक का मुद्दा

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी व जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने होली, शब-ए-बारात समेत आगामी त्योहारों को लेकर जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों की बैठक ली। बैठक में सदस्यों ने शराब तस्करी, सुनसान सड़कों पर पत्थरबाजी, अवैध वसूली समेत कई मुद्दे उठाए। इस पर कलेक्टर व एसपी ने सभी थानाधिकारियो को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डूंगरपुर जिले में होली सहित अन्य त्योहारों के तहत शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।

## 50 परिवारों को बाटी राशन सामग्री

### शब्बेरात व होली के अवसर पर एमएमबी ग्रुप ने जरूरतमंद परिवारों को बाटी राहत




**डूंगरपुर।** जिले के एमएमबी ग्रुप की ओर से मस्तान बाबा की याद में शब्बेरात व होली के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री वितरण कार्यक्रम ग्रुप के ऑफिस परिसर में आयोजित हुआ। इस दौरान राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव ने ग्रुप की ओर से 50 परिवारों को राशन सामग्री का वितरण किया। वही सभी को शब्बेरात व होली की शुभकामनाये दी। कौमी एकता के प्रतिक मस्तान बाबा की याद में एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर जिले में पीड़ित मानवता की सेवा वर्ष 2007 से करता आ रहा है। विभिन्न त्योहारों व आवश्यकता पड़ने पर एमएमबी ग्रुप की ओर से जरूरतमंद लोगो को राशन का वितरण किया जाता है। इसी के तहत शब्बेरात व होली के अवसर पर कौमी एकता के प्रतिक मस्तान बाबा की याद में आज एमएमबी ग्रुप की ओर से ग्रुप के ऑफिस परिसर में राशन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एससी विकास एवं वित्त निगम के अध्यक्ष व राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव रहे तो वही कार्यक्रम में प्रदेश अल्प संख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष असरार अहमद, नगरपरिषद के सभापति अमृतलाल कलासुआ, डूंगरपुर डिप्टी राकेश शर्मा व ग्रुप के सदर नूर मोहम्मद मौजूद रहे । कार्यक्रम के तहत अतिथियो ने शहर के विभिन्न धर्मो की जरूरतमंद 50 परिवारों को एक-एक माह का राशन का वितरण किया। इस मौके पर ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी बताया कि ग्रुप मस्तान बाबा कि याद मे हर त्यौहार पर भामाशाहो का सहयोग लेकर जरूरतमंदो की मदद करता आ रहा है ग्रुप कि और से सन् 2007 से लेकर अभी तक 12650 जरूरतमंद परिवारो को राशन कीट उपलब्ध कराए गए है। इधर इस मौके पर एससी विकास एवं वित्त निगम के अध्यक्ष व राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव ने पीड़ित मानवता की सेवा का काम रहे एमएमबी ग्रुप के कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा की पीड़ित मानवता की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। राज्यमंत्री डॉ यादव ने अन्य स्वयम सेवी संगठनों व समाजसेवियों को एमएमबी ग्रुप की सेवा से प्रेरणा लेकर पीड़ित मानवता की सेवा करने का आव्हान किया।

इधर इस मौके पर प्रदेश अल्प संख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष असरार अहमद ने कार्यक्रम को संबोधित किया और बताया की एमएम ग्रूप के द्वारा लगातार भामाशाहो के सहयोग से जनहित के कार्य किये जाते है राशन वितरण के अलावा ग्रुप शिक्षा के क्षेत्र मे रक्तदान ,सड़क सुरक्षा, मास्क वितरण, पक्षीयो के लिए परिंडे,वृक्षारोपण आदि कई कार्य करता है।

## खड़गदा में भगवान श्री क्षेत्रपाल जी को खिचड़ी का भोग

### श्रद्धालु इंदिरा पत्नी डा. विजय जोशी एक तोला सोने की चेन अर्पित की





**खड़गदा।** गांव में मोरन नदी तट पर स्थित भगवान श्री क्षेत्रपाल जी के मंदिर में मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को खिचड़ी का भोग चढ़ा कर सालों पुरानी परम्परा का निर्वहन किया गया। सहस्त्र औदिच्य टोलकिया ब्राम्हण समाज की ओर से संतान प्राप्ति की खुशी में भगवान श्री क्षेत्रपाल जी को होली से पूर्व बारस पर खिचड़ी का भोग लगाने की परम्परा है। भगवान श्री क्षेत्रपाल जी के मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना दर्शन करने के बाद पंकज जोशी, मुकुल भट्ट, सुशील भट्ट, अतुल पुरोहित की ओर से भगवान को खिचड़ी का भोग चढ़ाया गया। मनोकामना पूर्ण होने पर इंदिरा पत्नी डा. विजय जोशी की ओर से भगवान श्री क्षेत्रपाल जी को एक तोला सोने की चेन अर्पित की गई। इससे पूर्व सुबह में गांव के सुथार चौक पर सभी समाजजन एकत्रित हुए। जिसके बाद गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में क्षेत्रपाल मंदिर पहुंचे। इस दौरान नवजात शिशुओं की पहली होली पर ढूंढोत्सव के तहत निभाई जाने वाली खिचड़ा चढ़ाने की सालों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया गया। मंदिर परिसर में बड़ों से लेकर बुजुर्गों और बच्चों ने गुलाल से होली खेली। युवाओं ने ढोल-कुंडी की थाप पर गैर नृत्य का आनंद लिया। शाम को सामूहिक रूप से समाजजनों में प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शशिकांत पुरोहित, ईश्वर भट्ट, प्रभाशंकर दवे, उमाशंकर व्यास, रविशंकर भट्ट, गौरीशंकर भट्ट, जवाहर जोशी, अनिल पुरोहित, डा. विजय जोशी, डा. रमेश भट्ट मौजूद रहे।